भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1007

उत्तर देने की तारीख 27 जून, 2019

6 आषाढ़, 1941 (शक)

ओपन जिम/हेल्थ क्लब की स्थापना

1007. श्री हिबी इडनः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का जनता के लिए मुख्य शहरों में ओपन जिम/हेल्थ क्लब स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केरल के एरनाकुलम शहर के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की युवाओं के विकास के लिए देश में ई-लर्निंग सुविधाओं सहित ओपन लाइब्रेरी स्थापित करने या निधियां उपलब्ध कराने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) जी नहीं । खेल राज्य का विषय होने के कारण मुख्य शहरों में जनता के लिए जिम /हेल्थ क्लब की स्थापना सहित खेलों के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व मुख्यत: राज्य सरकारों का होता है ।

(घ) और (ड़) देश में ई-लर्निंग सुविधाओं सहित ओपन लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए निधियां प्रदान करने हेतु युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की कोई स्कीम नहीं है ।

***